हरिभूमि
तापमान अधिकतम 37.0 डिग्री न्यूनतम 18.7 डिग्री
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 4 मई 2026

## सैन्य परिवार ने पेश की इंसानियत की मिसाल, समाज को भी किया जागरूक

- तीन राज्यों की पुलिस ने बनाए ग्रीन कॉरिडोर, समय पर पहुंचाए अंग
- सेना, डॉक्टरों और सोटो टीम के समन्वय से सफल हुआ अभियान
- परिवार के फैसले ने चिकित्सा क्षेत्र में रचा नया अध्याय, समाज को सकारात्मक संदेश
- पीजीआईएमएस की पहल से एक माह में 3 अंगदान, 19 लोगों को मिला नया जीवन



### सोटो की हरियाणा टीम ने निभाई अहम भूमिका

## ब्रेन डेड घोषित हुई कर्नल की पत्नी बेटियों की सहमति से किए अंगदान

### पहली बार हरियाणा में सेना ने हृदय दान करवा रचा इतिहास, हृदय, लीवर, किडनी व पैंक्रियाज दान कर जरूरतमंदों के जीवन में लौटाई उम्मीद

# शहादत जैसी संवेदना: मां की विदाई ने दिया जीवन का संदेश, चार घरों में लौटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दुःख और असहनीय पीड़ा के बीच लिया गया एक साहसी निर्णय कैसे कई जिंदगियों में नई उम्मीद जगा सकता है, इसका प्रेरक उदाहरण एक सैन्य परिवार ने रविवार को पेश किया। कमांड हॉस्पिटल में ब्रेन डेड घोषित कर्नल की पत्नी के अंगदान के फैसले ने चार जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दे दिया। मां को खोने के गम के बावजूद बेटियों ने हिम्मत दिखाते हुए अंगदान की सहमति दी और मानवता का सर्वोच्च उदाहरण पेश किया। हृदय, लीवर, किडनी और पैंक्रियाज जैसे महत्वपूर्ण अंगों को समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए डॉक्टरों, सोटो हरियाणा और पुलिस प्रशासन ने मिलकर तेजी से कार्रवाई की। तीन राज्यों की पुलिस ने तीन ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अंगों को अलग-अलग स्थानों तक समय पर पहुंचाया गया और चार घरों में खुशियां लौटाईं।



रोहतक। कुलपति डॉ एचके अग्रवाल को सम्मनित करते सेना से ब्रिगेडियर डॉ पवन ढुल व अन्य डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

### कमांड हॉस्पिटल, चंडी मंदिर में एक दिन पहले ब्रेन डेड घोषित

कमांड हॉस्पिटल, चंडी मंदिर में शनिवार को कर्नल की पत्नी को डॉक्टरों ने ब्रेन डेड घोषित किया था। रविवार को सेना से ब्रिगेडियर डॉ पवन ढुल और चीफ ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर कर्नल डॉ अनुराग गर्ग रोहतक पीजीआईएमएस पहुंचे और कुलपति डॉ एचके अग्रवाल के साथ पूरी जानकारी साझा की। रोहतक पीजीआईएसएस के कुलपति एचके अग्रवाल ने बताया कि कर्नल, जिन्होंने वर्षों तक सीमा पर देश की रक्षा की, आज अपनी पत्नी को नहीं बचा सके। बेटियां मां के पास बैठकर रो रही थीं, लेकिन इसी दर्द के बीच परिवार ने ऐसा निर्णय लिया, जिसने पूरे हरियाणा को गर्व से भर दिया। परिवार की बेटियों और पति ने रोते-रोते अंगदान की सहमति दे दी। इससे चार घर रोशन हो गए और कर्नल की पत्नी अमर हो गई।

### तीन ग्रीन कॉरिडोर बनाए समय पर अंग पहुंचाए

**पहला ग्रीन कॉरिडोर :** कमांड हॉस्पिटल से चंडीगढ़ एयरपोर्ट तक बनाया गया, जहां से हृदय को निजी जेट से दिल्ली भेजा गया।

**दूसरा कॉरिडोर :** सेना अस्पताल से एयरपोर्ट तक बनाया गया, जहां से लीवर को हेलीकॉप्टर से दिल्ली के आरआर हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

**तीसरा कॉरिडोर:** पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ तक बनाया गया, जहां दूसरी किडनी और पैंक्रियाज भेजे गए। एक किडनी कमांड हॉस्पिटल में ही सेना से जुड़े मरीज को प्रत्यारोपित की गई।

रोहतक पीजीआईएमएस के डॉक्टरों की टीम ने चंडीगढ़ के कमांड अस्पताल चंडी मंदिर में ब्रेन डेड घोषित हुई कर्नल की पत्नी के अंगदान करवाकर इतिहास रच दिया है। सोटो की हरियाणा टीम के नोडल अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह ने ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर दीप्ति के साथ मिलकर ग्रीन कारिडोर बनाते हुए अंगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में सहयोग किया। पीजीआईएमएस के वीसी डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार सेना के कमांड हॉस्पिटल चंडी मंदिर से हृदय दान हुआ है।

### सूचना मिलते ही सोटो टीम एक्टिव

अंगदान की सहमति मिलते ही सोटो हरियाणा की टीम के नोडल अधिकारी डॉ सुखबीर सिंह, ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर दीप्ति, मीडिया सलाहकार राजेश की टीम तुरंत सक्रिय हुई और ग्रीन कारिडोर बनाने में अहम भूमिका निभाई। कर्नल की पत्नी के हृदय, लीवर, दो किडनी और पैंक्रियाज को रिकवर किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. रूप सिंह, निदेशक डॉ. एस के सिंघल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, डॉ. सुखबीर, डॉ. अरुण, डॉ दीपक जैन, डीडीए डॉ. वरुण शर्मा, डॉ. तरुण, डॉ. गौरव पांडे, सचिव संजीव, मीडिया सलाहकार राजेश कुमार, ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर दीप्ति खरब, रोहित सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।



### मानवता की मिसाल पेश की : आरती राव

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सैन्य अधिकारी की पत्नी ने अंगदान कर मानवता की मिसाल पेश की है। यह केवल दान नहीं, बल्कि नारी शक्ति और कर्तव्य का सर्वोच्च उदाहरण है। बेटियों ने दुख की घड़ी में जो साहस दिखाया, वह हर परिवार के लिए प्रेरणा है। उन्होंने महिलाओं से अंगदान का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि एक 'हां' कई जिंदगियां बचा सकती है।

### एक माह में 3 ब्रेन डेड मरीजों के अंगदान

पीजीआईएमएस ने अंगदान के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए मात्र एक माह में 3 ब्रेन डेड मरीजों के अंगदान से 19 लोगों को नया जीवन दिया है।

---

## शहर में आज

- ⏭ सुपवा में दीक्षांत समारोह सुबह 10 बजे
- ⏭ एमडीयू में कुलपति की फेकल्टी के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- ⏭ आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे

## खबर संक्षेप

### न्यूट्रिशन स्टोर से 2.57 लाख की नकदी चोरी

**सांपला।** ल्ली रोड स्थित न्यूट्रिशन स्टोर में चोर शटर के ताले तोड़कर 2.57 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। मैनेजर दिनेश की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। चोरी हुई राशि में दिनभर की बिक्री और सोनीपत से लाई गई नकदी शामिल थी। सुबह दुकान खोलने पर वारदात का पता चला। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए और सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### सेक्टर-2 में घर से दो लाख नकदी व गहने चोरी

**रोहतक।** सेक्टर-2 में एक सूने मकान में चोरों ने सेंध लगाकर नकदी और गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस समय सामने आई जब परिवार दिल्ली में शादी समारोह से लौटकर घर पहुंचा और अंदर का नजारा देखकर दंग रह गया। सेक्टर-2 निवासी अंकित परिवार के साथ रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने गए थे। घर खाली होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। वापस लौटने पर परिवार ने देखा कि मुख्य दरवाजा खुला था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। पीड़ित के अनुसार चोर करीब 2 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

### अब तहसीलदार करेंगे जमीन मामलों की सुनवाई

**रोहतक।** प्रदेश स्वामित्व योजना से जुड़े जमीन संबंधी मामलों में एक अहम बदलाव किया गया है। अब इन मामलों की सुनवाई जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की बजाय तहसीलदार करेंगे। सरकार का यह कदम सीधे तौर पर आम लोगों को राहत देने वाला माना जा रहा है, खासकर उन ग्रामीण परिवारों के लिए जिनकी जमीन से जुड़ी छोटी-बड़ी परेशानियां लंबे समय से अटकी रहती थीं। कागजी औपचारिकताएं, विभागीय समन्वय और सीमित अधिकारों के कारण लोगों को बार-बार चक्कर काटने पड़ते थे। अब विवादों का समाधान ज्यादा तेजी और सटीकता से हो सकेगा।

---

## जैमर, सीसीटीवी और बायोमेट्रिक से नकल पर लगाम

# कड़ी सुरक्षा के बीच 17 सेंटरों पर 5160 परीक्षार्थियों ने दिया नीट-यूजी एग्जाम

- » धारा 163 लागू, कोचिंग सेंटर बंद, भीड़ पर नियंत्रण मेटल डिटेक्टर और सख्त जांच के बाद ही मिला प्रवेश
- » बिजली, पानी, चिकित्सा, परिवहन की सुविधा दुरुस्त, दिव्यांग के लिए विशेष व्यवस्था, व्हीलचेयर उपलब्ध
- » अभिभावकों के लिए बैठने की व्यवस्था, पुलिस की मानवीय पहल भी खूब सराही गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

कड़े सुरक्षा प्रबंध और सूक्ष्म प्रशासनिक तैयारी के बीच रविवार को नीट-यूजी 2026 परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। 17 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक 5160 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। नकल और फर्जीवाड़े पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए जैमर, सीसीटीवी निगरानी व बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं लागू की गईं। केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की गहन जांच की गई और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर सख्त प्रतिबंध रहा। जिला प्रशासन और पुलिस पूरे समय अलर्ट मोड में रहे, वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को भी बेहतर ढंग से संभाला गया। सख्ती के साथ संवेदनशीलता का संतुलन बनाते हुए प्रशासन ने एक बार फिर सफल आयोजन का उदाहरण पेश किया। जिलाधीश सचिन गुप्ता द्वारा लागू धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास सख्त प्रतिबंध लागू रहे। कोचिंग सेंटर और ट्यूशन संस्थानों को अस्थायी रूप से बंद रखने का फैसला भी प्रभावी साबित हुआ, जिससे अनावश्यक भीड़ पर नियंत्रण रहा। केंद्रों पर जैमर, सीसीटीवी निगरानी रही और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी व्यवस्थाओं ने नकल या फर्जीवाड़े की किसी भी संभावना को खत्म कर दिया। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के नेतृत्व में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू रही।

**गहन चेकिंग**



**कान की बाली उतरवाई**



**सख्ती**



### प्रवेश प्रक्रिया रही सख्त

व्यवस्थित परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का प्रवेश पूरी तरह नियंत्रित और चरणबद्ध तरीके से कराया गया। गेट पर एडमिट कार्ड और पहचान पत्र की जांच के बाद बायोमेट्रिक सत्यापन किया गया। इसके साथ ही मेटल डिटेक्टर और मैनुअल फ्रिस्किंग के जरिए गहन जांच की गई। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर पूरी तरह प्रतिबंध रहा। महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला पुलिस कर्मियों द्वारा अलग से की गई, जिससे प्रक्रिया सहज और सम्मानजनक बनी रही।

### सुविधाओं में नहीं रही कोई कमी

प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पेयजल और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कीं। हरियाणा रोडवेज द्वारा विशेष बस सेवाएं चलाई गईं, जिससे दूर-दराज के छात्रों को समय पर केंद्रों तक पहुंचने में सुविधा मिली। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत प्रत्येक केंद्र पर डॉक्टर और एंबुलेंस स्टैंडबाय पर रहे। दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई।

### ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम

परीक्षा के दौरान जिले में पुलिस प्रशासन की सक्रियता और सहयोगात्मक रवैये की व्यापक सराहना हुई। कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस ने अहम भूमिका निभाई। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा और ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए, जिससे परीक्षार्थियों को समय पर केंद्रों तक पहुंचने में कोई परेशानी नहीं हुई।



रोहतक। मौके पर जांच करते डीएसपी व एफएसएल टीम की हेड डॉ.सरोज दहिया।

# चमारिया में महिला ने की आत्महत्या

» *कारणों का पता नहीं चल पाया, एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव चमारिया में एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

महिला ने अपने घर के अंदर ही संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। परिजनों को जब इस घटना का पता चला तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर घटनास्थल का निरीक्षण करते डीएसपी व एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रोहतक पीजीआई भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। शुरुआती जांच में आत्महत्या के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। वहीं, पुलिस परिजनों और आस-पास के लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि घटना से जुड़े हर पहलू की जानकारी जुटाई जा सके।

ग्रामीणों के अनुसार महिला सामान्य स्वभाव की थी, लेकिन हाल ही में वह कुछ तनाव में दिखाई दे रही थी। हालांकि, तनाव का कारण क्या था, इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस इस पहलू को भी गंभीरता से जांच रही है।


थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। यदि जांच में कोई संदिग्ध तथ्य सामने आते हैं तो उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

**जींद रोड पर भीषण दुर्घटना**

# कुत्ते के सामने आने से बाइक फिसली, दादी की मौत, पौत्र घायल

- शादी से लौटते समय हादसा परिवार कार्यक्रम से लौट रहा था, 30 मी. तक फिसली बाइक




हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जींद रोड पर चांदी टोल के पास देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उनका पौत्र घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब बाइक के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया और संतुलन बिगड़ने से वाहन फिसल गया।जानकारी के अनुसार, खिड़वाली गांव निवासी सरोज बाला उर्फ गुड्डी अपने पौत्र अमित के साथ शादी समारोह से लौट रही थीं। अमित, जो महम चौबीसी के गांव फरमाणा का रहने वाला है, ने बताया कि 30 अप्रैल को उसकी बहन रेणु की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए सरोज बाला भी आई हुई थीं।शादी के बाद वह उन्हें वापस खिड़वाली छोड़ने जा रहा था। रात करीब आठ बजे जब वे रोहतक-जींद रोड पर चांदी टोल से करीब एक किलोमीटर पहले पहुंचे, तभी डिवाइडर की तरफ से अचानक एक कुत्ता सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में अमित ने ब्रेक लगाया, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह करीब 30 मीटर तक फिसलती चली गई।हादसे में सरोज बाला मुंह के बल गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि अमित को भी चोटें आईं। आसपास के लोगों ने दोनों को चांदी टोल तक पहुंचाया, जहां से एंबुलेंस के जरिए उन्हें पीजीआई रोहतक के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने सरोज बाला को मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर लाखनमाजरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

## खैरड़ी: आंबेडकर प्रतिमा विवाद गहराया पंचायत-पुलिस के खिलाफ धरना जारी

**रोहतक।** कलानौर ब्लॉक के गांव खैरड़ी में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को लेकर शुरू हुआ विवाद अब बड़े आंदोलन का रूप ले चुका है। 8 अप्रैल की रात कुछ शरारती तत्वों द्वारा प्रतिमा खंडित किए जाने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया। कई दिनों तक कार्रवाई न होने से नाराजगी और बढ़ गई। इसी बीच पंचायत ने नई प्रतिमा मंगवाकर उसी स्थान पर स्थापित कर दी, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि यह कदम बिना सहमति के उठाया गया। 14 अप्रैल को प्रस्तावित अनावरण का भी विरोध किया गया। बावजूद इसके, 1 मई को पुलिस की मौजूदगी में प्रतिमा का जबरन अनावरण कर दिया गया, जिससे विवाद और गहरा गया। ग्रामीणों और गुरु रविदास सभा के सदस्यों का कहना है कि अनावरण निर्वाचित प्रतिनिधियों की बजाय अन्य लोगों द्वारा किया गया, जो नियमों के खिलाफ है। इसको लेकर अब आंदोलन पंचायत और प्रशासन के खिलाफ भी हो गया है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होती, धरना जारी रहेगा। गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।

## नशा तस्करों पर प्रशासन की सख्ती करोड़ों की संपत्ति फ्रीज: उपायुक्त

**हेरोइन, अफीम, चूरा पोस्त, गांजा व एमडीएमए जब्त**

**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा चलाया जा रहा नशा मुक्त अभियान लगातार सख्ती से जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशीले पदार्थों की बिक्री और तस्करी में शामिल लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। लघु सचिवालय में एन-कोर्ड बैठक की समीक्षा में उन्होंने बताया कि 1 जनवरी से 29 अप्रैल तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 36 मामले दर्ज कर 66 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 9 वाणिज्यिक मामलों में 17 तस्करों को जेल भेजा गया है। इस दौरान अफीम, चरस, हेरोइन, गांजा, चूरा पोस्त और एमडीएमए की बड़ी मात्रा में बरामदगी हुई है। मार्च में 20 किलो से अधिक हेरोइन और 631 किलो चूरा पोस्त पकड़ा गया। डीसी ने बताया कि तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने के लिए 45 संपत्ति अटैचमेंट प्रस्ताव तैयार कर 7.16 करोड़ रुपये की संपत्ति फ्रीज की गई है। पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत 6 डिटेंशन आदेश जारी किए गए हैं। जिले के 10 प्रमुख नशा आपूर्तिकर्ता चिन्हित किए गए हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय हैं। प्रशासन ने 60 गांवों और 22 वार्डों को नशा मुक्त घोषित किया है और जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

### गणित के साथ 12वीं पास छात्रों के लिए स्मार्ट विकल्प

# नंबरों से भी बनेगा करियर : एमडीयू का बीएससी सांख्यिकी कोर्स देगा नई उड़ान

**स्टूडेंट गाइड**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आज के डिजिटल दौर में डेटा ही नई ताकत बन चुका है और इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का सांख्यिकी विभाग छात्रों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है। बीएससी सांख्यिकी कोर्स के जरिए 12वीं (गणित) पास विद्यार्थी डेटा एनालिस्ट, डेटा साइंटिस्ट और वित्तीय विश्लेषक जैसे उभरते करियर विकल्पों की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। यह कोर्स पारंपरिक पढ़ाई से आगे बढ़कर डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक विषयों को शामिल करता है। साथ ही, प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट्स, सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग और इंडस्ट्री से जुड़ाव के माध्यम से छात्रों को जॉब-रेडी बनाया जाता है। सीमित सीटों और बढ़ती मांग के बीच यह कोर्स युवाओं के लिए एक मजबूत और सुरक्षित करियर की दिशा तय कर सकता है।

### एमडीयू में सिर्फ 60 सीटें, सीमित अवसर में बड़ा भविष्य

### किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं: मलिक



सांख्यिकी विभाग के पूर्व अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रो. एस.सी. मलिक के अनुसार, यह कार्यक्रम छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें शोध और व्यावहारिक परियोजनाओं के माध्यम से वास्तविक दुनिया की समस्याओं को सुलझाने के लिए तैयार करता है। बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्रों में भी इस कोर्स की भारी मांग है। कोर्स में गणितीय मॉडलिंग, सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण, डेटा विजुअलाइजेशन और रिपोर्ट लेखन जैसे कौशल सिखाए जाते हैं, जो आज के कॉर्पोरेट जगत की प्राथमिक आवश्यकताएं हैं।

- डेटा साइंस, एआई और मशीन लर्निंग से जुड़ा आधुनिक पाठ्यक्रम
- थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट्स पर जोर, इंडस्ट्री रेडी बनते छात्र
- सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर और डेटा विज़ुअलाइज़ेशन की विशेष ट्रेनिंग
- इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के लिए उद्योगों से मजबूत जुड़ाव

### अत्याधुनिक सुविधाएं और उद्योग से जुड़ाव

एमडीयू का सांख्यिकी विभाग अपने अनुभवी शिक्षकों, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और शोध-आधारित शिक्षण पद्धतियों के लिए जाना जाता है। विश्वविद्यालय की ओर से उद्योगों और विभिन्न संस्थानों के साथ निरंतर संपर्क बनाया रखा जाता है, जिससे छात्रों को इंटर्नशिप और कैंपस प्लेसमेंट के बेहतरीन अवसर प्राप्त होते हैं। इस कोर्स में एमडीयू के सांख्यिकी विभाग में कुल 60 सीटें उपलब्ध हैं।

### तकनीकी रूप से सक्षम बनाएगा

यह कार्यक्रम युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और बदलते वैश्विक बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एमडीयू की एक महत्वपूर्ण पहल है। जो छात्र 12वीं के बाद एक गतिशील, चुनौतीपूर्ण और सुरक्षित करियर की तलाश में हैं, उनके लिए बीएससी सांख्यिकी एक उत्कृष्ट विकल्प साबित हो सकता है।

आईटीआई बनने से लाखन माजरा व आस पास के गांवों के युवाओं को मिलेगा विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण का मौका

# लाखनमाजरा में बनेगी राजकीय आईटीआई

## निर्माण को लेकर आई सरकारी चिट्ठी के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल

- जल्द ही आईटीआई निर्माण को लेकर गांव में पंचायत बुलाएंगी गांव की सरपंच

लखन जी मिश्रा ▶▶| रोहतक

हरियाणा के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा लाखन माजरा गांव में गवर्नमेंट आईटीआई बनाई जाएगी। इसके लिए विभाग द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसको लेकर जल्द ही गांव में पंचायत बुलाई जाएगी। आईटीआई निर्माण को लेकर आई सरकारी चिट्ठी के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। यहां आईटीआई स्थापित करने के लिए विभाग ने जिला उपायुक्त रोहतक को जमीन उपलब्ध करवाने बारे एक पत्र लिखा है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के सहायक निदेशक (भवन) ने यह चिट्ठी डीसी रोहतक को भेजी है। इस पत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश से राज्य के सभी अनसर्विसड ब्लॉक में आईटीआई का निर्माण किया जाना है। लाखन माजरा भी अनसर्विसड ब्लॉक में आता है। यहां भी अभी तक कोई आईटीआई नहीं है।




### रेलवे स्टेशन के पास मंदिर की 6 एकड़ जमीन

लाखनमाजरा गांव की सरपंच उषा ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पास मंदिर की 6 एकड़ जमीन है। मंदिर की एक कमेटी है। कमेटी कर अनुमति से ही यह निर्णय लिया जाएगा। इस बारे में गांव की सरपंच उषा द्वारा पंचायत आयोजित की जाएगी। आईटीआई बनाने को लेकर गांव के लोगों में काफी उत्साह है। गांव में आईटीआई बनने से न केवल लाखन माजरा बल्कि आस पास के गांवों के युवाओं को आईटीआई की विभिन्न ट्रेडों में डिप्लोमा करने का अवसर मिलेगा।

### सरपंच ने कब्जा देने से किया था इनकार

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए पंचायत विभाग के आदेश के तहत ग्राम पंचायत ने 14 अक्टूबर 2011 के पत्र के तहत 24 कनाल 2 मरला भूमि आईटीआई निर्माण के लिए इस विभाग को 33 वर्ष के लिए एक रुपया प्रति एकड़ प्रतिवर्ष की दर पर पट्टे पर देने की स्वीकृति दी थी। परंतु सरपंच लाखन माजरा ने कब्जा देने से यह कहते हुए मना कर दिया कि उक्त जमीन मंदिर की है और मंदिर स्वयं उसका मालिक है। उस वक्त कब्जा नहीं दिया गया। उस वक्त यह आश्वासन दिया गया था कि इस जमीन के स्थान पर कोई उपयुक्त जमीन आईटीआई निर्माण के लिए उपलब्ध करवा दी जाएगी। लेकिन अभी तक वह जमीन उपलब्ध नहीं करवाई जा सकी है।

### उपायुक्त के माध्यम से सीएम को भेजी सिफारिश

सहायक निदेशक ने जिला उपायुक्त से अनुरोध करते हुए लिखा है कि मुख्यमंत्री के आदेशों की पालना में ब्लॉक लाखन माजरा जिला रोहतक में आईटीआई निर्माण हेतू उपयुक्त भूमि का प्रस्ताव प्राप्त करके 33 वर्ष के लिए एक रुपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से पट्टे पर विभाग के नाम पर करने के लिए अपनी सिफारिश सहित केस निदेशक पंचायत एवं विकास विभाग हरियाणा चंडीगढ़ को भिजवाने का कष्ट करें। पांच मार्च को लिखे गए इस पत्र की एक कॉपी महम आईटीआई के प्रिंसिपल, बीडीपीओ लाखन माजरा व ग्राम पंचायत लाखन माजरा को भी भेजी गई है।

# लंबित शिकायतों में देरी बर्दाश्त नहीं: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त लंबित शिकायतों के निपटान में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी अब सहन नहीं की जाएगी। वे लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में लगाए जा रहे समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो शिकायतें तुरंत समाधान योग्य हैं, उनका निपटान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।




### शिविर पोर्टल की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभागवार लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि मांग-आधारित शिकायतों का भी पूरा विवरण तैयार किया जाए, ताकि उन्हें सरकार के समक्ष प्रस्ताव के रूप में भेजकर समाधान की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को समाधान शिविर पोर्टल की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, ताकि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटान हो सके और उनकी प्रगति रिपोर्ट भी लगातार अपडेट होती रहे। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला के एसडीएम अंकित पुवार, रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार, महम के एसडीएम विपिन कुमार शर्मा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

- पार्टी विरोधी गतिविधियों में पाए जाने का आरोप

# पूर्व में बीजेपी प्रत्याशी रहे नवीन वाल्मीकि पार्टी से निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

सांपला नगर पालिका चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा कदम उठाया है। जिला रोहतक इकाई की ओर से जारी आदेश के अनुसार पूर्व में भाजपा प्रत्याशी रहे नवीन वाल्मीकि को तत्काल प्रभाव से 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका द्वारा जारी निष्कासन पत्र में बताया गया कि चुनाव के दौरान नवीन वाल्मीकि की गतिविधियां पार्टी की रीति-नीति और संगठनात्मक मर्यादाओं के खिलाफ पाई गईं। पार्टी ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के कृत्य किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। पत्र में यह भी कहा गया कि कार्रवाई प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के निर्देशानुसार की गई है और निष्कासन तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है।

- उम्मीदवारों का अनुभव, सामाजिक पकड़ और राजनीतिक नेटवर्क निभा रहे अहम भूमिका

# नपा चुनाव : अनुभवी और राजनीतिक परिवारों के प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला

प्रवीण कुमार ▶▶| सांपला

सांपला की नगरपालिका चुनाव में इस समय राजनीतिक सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। शहर और आसपास के क्षेत्रों में प्रचार अभियान तेज हो चुका है और सभी प्रत्याशी जनसमर्थन जुटाने में पूरी ताकत लगा रहे हैं।

गली-मोहल्लों से लेकर चौपालों तक चुनावी चर्चा जोरों पर है। इस बार चुनाव केवल वादों और दावों तक सीमित नहीं दिख रहा, बल्कि प्रत्याशियों का अनुभव, उनकी सामाजिक पकड़ और वर्षों से बने राजनीतिक नेटवर्क भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। यही कारण है कि चुनावी मुकाबला बेहद रोचक और कड़ा नजर आ रहा है। मुख्य दौड़ में शामिल सभी प्रत्याशियों की एक खास समानता यह है कि वे या तो खुद लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रहे हैं या उनके परिवार का राजनीति में मजबूत आधार रहा है। पूर्व चेयरमैन प्रवीण कोच का परिवार वर्षों से सक्रिय राजनीति में रहा है। देवेंद्र कोच से शुरू हुई राजनीतिक विरासत ने इस परिवार को लगातार सुर्खियों में बनाए रखा है। वहीं, पूर्व चेयरमैन सुधीर ओहलान को भी नगरपालिका का अनुभव है और वे लंबे समय से क्षेत्रीय राजनीति में सक्रिय हैं। निर्दलीय प्रत्याशी अनिल शर्मा भी इस चुनाव में मजबूत दावेदार के रूप में देखे जा रहे हैं। उनके भाई पार्षद रह चुके हैं, जबकि अनिल शर्मा स्वयं अरविंद शर्मा के चुनावों में प्रबंधन की अहम भूमिका निभा चुके हैं। इससे उनकी राजनीतिक और प्रशासनिक समझ साफ झलकती है। राकेश पहलवान, जो पहले गांव के सरपंच रह चुके हैं, भी क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं।

### मतदान के दिन स्पष्ट होगा अंतिम नतीजा

खेड़ी सांपला के अंकित ओहलान पूर्व में पार्षद रह चुके हैं और उनके दादा भी सरपंच रह चुके हैं, जिससे उन्हें पारिवारिक राजनीतिक अनुभव का लाभ मिलता है। वहीं, रामनिवास शर्मा लंबे समय तक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रह चुके हैं और संगठन में उनकी मजबूत पकड़ रही है। इन सभी प्रत्याशियों के व्यापक राजनीतिक और सामाजिक दायरे का असर साफ तौर पर मतदाताओं पर भी नजर आ रहा है। मतदाता किसी भी प्रत्याशी को खुलकर नाराज करने से बच रहे हैं और संतुलन बनाकर चल रहे हैं। यही वजह है कि चुनाव में किसका पलड़ा भारी है, यह कहना फिलहाल मुश्किल बना हुआ है। मुकाबला पूरी तरह से कांटे का है और अंतिम नतीजा मतदान के दिन ही स्पष्ट होगा।

- दिल्ली में व्यक्ति की हत्या करने पर जताया गहरा शोक व आक्रोश व्यक्त किया

# लोजपा ने 2 करोड़ मुआवजा और सख्त कार्रवाई की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रविवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिला इकाई रोहतक द्वारा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिल्ली में एक व्यक्ति की कथित रूप से एक राज्य के व्यक्ति का नाम लेकर गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे समाज को विभाजित करने वाली मानसिकता का उदाहरण बताया। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ उसकी पहचान या क्षेत्र के आधार पर हिंसा करना न केवल निंदनीय है, बल्कि यह सामाजिक सौहार्द के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं देश की एकता और भाईचारे की भावना को आघात पहुंचाती हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।




### ये रखी मांगें

बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। पार्टी ने पीड़ित पांडव कुमार के परिवार को 2 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की मांग की, ताकि उनके भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। इसके साथ ही दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही गई। पार्टी ने यह भी निर्णय लिया कि रोहतक इकाई की टीम जल्द ही पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगी और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई।

# प्रेस की स्वतंत्रता से ही मजबूत होता है लोकतंत्र : मनीष ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स द्वारा रोहतक में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



इस दौरान जिले भर के पत्रकारों ने प्रेस की स्वतंत्रता, उसकी भूमिका और मौजूदा चुनौतियों पर गंभीर चर्चा की। कार्यक्रम में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया, कोषाध्यक्ष लोकेश जैन, जिलाध्यक्ष मनोज वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र दांगी, धीरेन्द्र चौधरी, रविंद्र सैनी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर मीडिया की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि मनीष ग्रोवर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी स्वतंत्रता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता ही लोकतंत्र को मजबूत बनाती है और आम जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुंचाती है। उन्होंने वर्तमान दौर में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बीच फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाओं के खतरे को लेकर भी आगाह किया और पत्रकारों से तथ्य जांच के बाद ही खबर प्रकाशित करने की अपील की।

### मीडिया का निष्पक्ष होना जरूरी

ग्रोवर ने कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी भी निभाती है। उन्होंने पत्रकारों से बिना किसी दबाव या प्रलोभन के सच्चाई को सामने लाने का आह्वान किया। संविधान से मिली अभिव्यक्ति की ताकत इस मौके पर मनमोहन कथूरिया ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है, जिससे प्रेस को भी अपनी बात रखने की शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल आधार संविधान है, जो अधिकारों के साथ जिम्मेदारियों को भी तय करता है। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों और मुख्य अतिथि के बीच संवाद भी हुआ। अंत में प्रेस की स्वतंत्रता को सशक्त बनाने और जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।




रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन को सम्मानित करते माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी।।

# माता धनपति देवी ट्रस्ट में नई लिफ्ट का उद्घाटन, डिजिटल बोर्ड लगाने की घोषणा

रोहतक। माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट में रविवार को सेठ बिमल प्रसाद जैन मेमोरियल हॉल में आचार्य देव कृष्ण महाराज के सानिध्य में ट्रस्ट की नई बिल्डिंग में लिफ्ट का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि राजेश जैन एल.पी.एस. बोसार्ड के डायरेक्टरने फीता काटकर उद्घाटन किया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने उन्हें फूल-मालाओं, पटका और बैच लगाकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने ट्रस्ट में पढ़ रहे 325 छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर ट्रस्ट समाज सेवा का सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी कक्षाओं में डिजिटल बोर्ड लगवाने की घोषणा भी की, जिस पर उपस्थित लोगों ने तालियों से स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, वहीं राधा-कृष्ण समूह नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। छात्रा वंशिका ने मंच से वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के कई गणमान्य सदस्य, पदाधिकारी व अतिथि मौजूद रहे। मंच संचालन सतीश भारद्वाज ने किया, जबकि मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने कार्यक्रम की जानकारी साझा की।

# धूल भरी हवाओं से तापमान में आई कमी



- दोपहर बाद अचानक बदला जिले में मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रविवार दोपहर जिले में मौसम ने अचानक करवट ली, मानो आसमान ने तपती दोपहर की पटकथा बदल दी हो। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होते ही तेज धूल भरी हवाएं चलने लगीं, जिससे वातावरण में थोड़ी ठंडक हुई। और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। आईएमडी चंडीगढ़ के मुताबिक मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो बीते 24 घंटे में 5.2 डिग्री की गिरावट को दर्शाता है। यह सामान्य से 4.3 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिसमें 0.4 डिग्री की मामूली गिरावट आई और यह भी सामान्य से 2.9 डिग्री कम रहा।

### आमजन को मिली गर्मी से राहत

दोपहर के समय अचानक तेज हवाएं चलने से सड़कों पर धूल का गुबार छा गया। कई जगहों पर लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा, वहीं दुकानदारों ने भी एहतियातन अपने प्रतिष्ठानों के शटर आंशिक रूप से बंद कर दिए। हालांकि, इस बदलाव ने भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत जरूर दी। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से ही अगले दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

# पत्रकारिता राष्ट्र निर्माण की आधारशिला: फौगाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कला परिषद परिसर स्थित श्रीराम रंगशाला में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारों, बुद्धिजीवियों और विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर मीडिया की भूमिका और चुनौतियों पर गंभीर चर्चा की।



गजेंद्र फौगाट

मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फौगाट ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और लोकतंत्र को मजबूती देने में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जिसकी स्वतंत्रता बनाए रखना समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है।

### सत्य से समझौता नहीं

वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया विश्लेषक आनंद हुड्डा ने कहा कि मौजूदा दौर में मीडिया अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, लेकिन पत्रकारों को सत्य, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के मूल्यों से समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि बदलते परिवेश में भी पत्रकारिता का मूल धर्म अडिग रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया और मीडिया क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई। साथ ही प्रेस स्वतंत्रता से जुड़े मुद्दों पर खुली चर्चा भी हुई, जिसमें पत्रकारों ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रेस की स्वतंत्रता को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। मौके पर संजय राठी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी, दीपक जांगड़ा, रतन चंदेल, सुकरमपाल, डॉ. रमेश देहराज आदि मौजूद रहे।

**सेवा को सलाम !** एक ही परिवार के 7 सपूत वर्दी में, तीनों सेनाओं में दे रहे सेवाएं

चार अधिकारी, देशभक्ति की अनोखी मिसाल ग्रामीण परिवेश से निकले परिवार ने रचा इतिहास

# गांव करौंथा का बेटा समरथ धनखड़ बना एयर कमोडोर

- वर्तमान में दिल्ली में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे समरथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- फाइटर पायलट ने तेजस स्क्वाड्रन संभालकर बढ़ाया गौरव

करौंथा गांव के एक साधारण परिवार ने देश सेवा की ऐसी मिसाल पेश की है, जो प्रेरणा का स्रोत बन गई है। 'दादा भोला' के परिवार के 11 भाइयों में से 7 ने सेना, वायुसेना, नौसेना, बीएसएफ और डीएससी में सेवाएं दीं हैं, जिनमें 4 अधिकारी के रूप में तीनों सेनाओं का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जलदेव धनखड़, सज्जन, विदुर धनखड़(इन्होंने वीआरएस ले लिया था। ये सेना में अच्छे स्नाइपर रहे।), लेफ्टिनेंट कर्नल विकास धनखड़, विवेक और जसवंत लंबे समय तक वर्दी में रहकर देश की सुरक्षा में योगदान दे रहे हैं। इसी परिवार से जुड़े फ्लाइट लेफ्टिनेंट समरथ धनखड़ अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और उपलब्धियों के बल पर पदोन्नत होकर एयर कमोडोर बन गए हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती दिल्ली में है, जहां वे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।



रोहतक। एयर कमोडोर समरथ धनखड़। *फोटो : हरिभूमि*

### 19 मई 1979 को करौंथा में जन्मे

बता दें कि समरथ धनखड़ का जन्म 19 मई 1979 को करौंथा गांव में हुआ। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर विशेष पहचान बनाई है। स्पोर्ट्स स्कूल राई से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उनका चयन एनडीए में हुआ। उन्होंने एनडीए (जेएनयू) से बीएससी, मलेशिया के स्टाफ कॉलेज से एमएससी (स्ट्रैटेजिक स्टडीज) और हायर एयर कमांड कोर्स से इंटरनेशनल रिलेशंस में एमए किया।

### कई अहम उपलब्धियां हासिल की

16 जून 2001 को भारतीय वायुसेना के फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त करने के बाद उन्होंने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। वे एलसीए तेजस की नंबर 45 स्क्वाड्रन के कमांडर रहे और टीएसीडीई में प्रशिक्षक के रूप में भी सेवाएं दीं। उन्हें वायु सेना मेडल (2008) और विशिष्ट सेवा मेडल (2020) से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी उपलब्धियां पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय हैं।

# शिविर में जांचे २87 मरीजों के नेत्र, दवाइयां भी सौंपी



रोहतक। कार्यक्रम का शुभारंभ करते महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानंद महाराज।

हरिभूम न्यूज ▶▶| रोहतक

जन सेवा संस्थान द्वारा वृद्ध आश्रम में निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ संस्थान अध्यक्ष महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानंद महाराज के सानिध्य में किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम डॉ. नीरज दुआ, डॉ. राकेश वर्मा और डॉ. राकेश चावला ने कुल 287 नेत्र रोगियों की जांच की और उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित कीं। जांच के दौरान 35 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका निःशुल्क ऑपरेशन भिवानी स्थित जालान अस्पताल में कराया जाएगा। संस्थान की ओर से मरीजों को परिवहन, भोजन, दवाइयां, ऑपरेशन सामग्री, लेंस और चश्मा आदि सभी सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। संस्थान के कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने बताया कि संस्था अब तक 216 शिविर आयोजित कर चुकी है, जिनमें 19,437 से अधिक मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन करवाए जा चुके हैं।

## राज्यपाल ने यूनिवर्सिटी में लगी वार्षिक कला प्रदर्शनी का किया शुभारंभ, स्टूडेंट्स के टैलेंट को सराहा

# सुपवा में 'अभिव्यंजना' का आगाज कला के रंगों में डूबा विश्वविद्यालय






रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) की वार्षिक कला प्रदर्शनी 'अभिव्यंजना' का रविवार को आगाज हुआ। यूनिवर्सिटी परिसर हजारों कलाकृतियों के रंग में डूब गया है। रविवार शाम को यूनिवर्सिटी के चांसलर व प्रदेश के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी मित्रा घोष भी मौजूद रहीं। उनके साथ इंडिया हैबिटेट सेंटर के डायरेक्टर केजी सुरेश और फर्स्ट लेडी ऑफ यूनिवर्सिटी प्रोफेसर गायत्री रैना मुख्य रूप से मौजूद रहीं। यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ अमित आर्य व रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा ने अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत में राज्यपाल ने अन्य अतिथियों के साथ यूनिवर्सिटी परिसर में लगी सूर्य कवि दादा लख्मी चंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ फ्लैग होस्टिंग व दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी परिसर स्थित फैकल्टी ऑफ डिजाइन में लगाई गई कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने यहां लगी कलाकृतियों को बारीकी से देखा और छात्रों से कलाकृतियों के बारे में जानकारी भी ली। प्रदर्शनी को देखकर उन्होंने छात्रों के टैलेंट, मेहनत व लगन के साथ इस तरह के आयोजन के लिए यूनिवर्सिटी प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध कराते हैं।

### छात्रों ने खुद तैयार कीं कलाकृतियां

यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित कलाकृतियों को छात्रों ने खुद ही तैयार किया है और पूरी प्रदर्शनी को भी छात्रों ने फैकल्टी मेंबर्स के साथ मिलकर खुद ही डिजाइन किया है। इसके लिए छात्रों ने कठिन मेहनत की है। पिछले कई दिनों से छात्र टीचर्स की देखरेख में देर शाम तक यूनिवर्सिटी में रुक कर काम करते रहे हैं।

### पहले न्यूज लेटर 'अभिव्यक्ति-कला साधना की सशक्त आवाज' का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने यूनिवर्सिटी के न्यूज लेटर 'अभिव्यक्ति - कला साधना की सशक्त आवाज' का विमोचन भी किया। यह यूनिवर्सिटी का पहला न्यूज लेटर है, जिसमें जून 2025 से अप्रैल 2026 तक यूनिवर्सिटी की तरफ से की गई सभी सांस्कृतिक, अकादमिक व अन्य अभी तरह की गतिविधियों को समावेशित किया गया है। कुलगुरु डॉ अमित आर्य व रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा के मार्गदर्शन में न्यूज लेटर तैयार किया गया है। डॉ अमित आर्य के अनुसार फिलहाल 24 पेज का न्यूज लेटर तैयार किया गया है। अब हम नियमित रूप से हर तीसरे महीने न्यूज लेटर जारी करेंगे।

### कल से आमजन के लिए खुलेगी प्रदर्शनी

यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने बताया कि कला प्रदर्शनी 'अभिव्यंजना' की शुरुआत हो गई है। सोमवार को यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह है, जिसके चलते सोमवार को केवल खास अतिथि ही प्रदर्शनी को देख सकेंगे। मंगलवार यानी 5 मई से प्रदर्शनी सभी लोगों के लिए खोल दी जाएगी। 5 से 8 मई तक लोग सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे। यह एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि छात्रों की लगन, मेहनत, सोच, टैलेंट व भावों का एक शोकेस है, जिसमें फैकल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स में अंडर ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन के सभी कोर्स में पढ़ने वाले छात्रों ने अपनी साल भर की मेहनत व प्रोक्ट्स को प्रदर्शित किया है।

### आसमान को बनाया कैनवास

फैकल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स के कोऑर्डिनेटर विनय कुमार के अनुसार प्रदर्शनी में छात्रों ने एक से बढ़कर एक कलाकृति प्रदर्शित की हैं। एप्लाइड आर्ट, एनीमेशन, पेंटिंग, स्कल्पचर (मूर्तिकला) व प्रिंट मेकिंग का समावेश इस प्रदर्शनी में देखा जा सकता है। प्रदर्शनी में एक छात्र ने आसमान को ही कैनवास बना लिया है। उन्होंने ट्विग्स आर्ट (पेड़ की टहनी के टुकड़ों) से एक खास कलाकृति तैयार की है, जिसे रस्सियों की मदद से लटकाया गया है और इसमें टहनियों टुकड़ों ने अक्षर बनाए गए हैं, जब ऊपर की तरफ देखते हैं, तो आसमान में वह शब्द दिखाई देते हैं।

## डीएलसीसुपवा का दीक्षांत समारोह आज राज्यपाल 760 विद्यार्थियों को देंगे डिग्रियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) का दूसरा दीक्षांत समारोह आज (सोमवार) को आयोजित होगा। समारोह को लेकर यूनिवर्सिटी में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

प्रदेश के राज्यपाल व यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति प्रोफेसर असीम कुमार घोष समारोह की अध्यक्षता करेंगे। आयोजन की तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीसी सचिन गुप्ता व एसपी गौरव राजपुरोहित ने यूनिवर्सिटी का दौरा किया। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग मीटिंग की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने उन्हें पूरे समारोह की विस्तार से जानकारी दी।

डीसी सचिन गुप्ता व एसपी गौरव राजपुरोहित ने कुलगुरू डॉ अमित आर्य व रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा के साथ दीक्षांत समारोह स्थल का दौरा किया। उन्होंने आयोजन को लेकर सभी तरह की जानकारी यूनिवर्सिटी प्रबंधन से प्राप्त की। कार्यक्रम के शेड्यूल के साथ ही अतिथियों के सीटिंग प्लान व सुरक्षा इंतजामों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पार्किंग एरिया व एंट्री-एग्जिट प्वाइंट का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश व सुझाव दिए। उन्होंने यूनिवर्सिटी गेस्ट हाउस में आयोजन को लेकर मीटिंग भी की। मीटिंग में कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने बताया कि मौसम को ध्यान में रखते हुए पूर्णरूप से वाताकूनुलित, वाटर एंड फायर प्रूफ पंडाल तैयार किया गया है। मंच पर राज्यपाल के साथ चुनिंदा लोग की मंच पर होंगे। इस दौरान नगर निगम, एचएसवीपी, बिजली, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डीसी व एसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन के सफल आयोजन को लेकर गंभीरता व बेहतर तालमेल के साथ काम करें।

### गेट नंबर 2 से होगी एंट्री

दीक्षांत समारोह में सुरक्षा के मद्देनजर यूनिवर्सिटी परिसर में वीआईपी, वीवीआईपी और छात्रों व अन्य लोगों की एंट्री अलग-अलग गेट से रखी गई है। गेट नंबर एक से केवल वीआईपी और वीवीआईपी एंट्री होंगी। वहीं, डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों, उनके अभिभावकों व यूनिवर्सिटी के अन्य छात्रों की एंट्री गेट नंबर दो से होगी। ये सभी गेट नंबर दो का इस्तेमाल कर सीधा दीक्षांत समारोह के आयोजन स्थल पर पहुंच सकेंगे।

### फोटो गैलरी व काउंटर का प्रबंध

रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा ने बताया कि डिग्री लेने के लिए आने वाले पूर्व छात्रों को परेशानी न हो, इसके लिए पूरी व्यवस्था की गई है। पंडाल में डिग्री धारकों के लिए रिसेप्शन काउंटर बनाया गया है। डिग्री लेने आने वाले पूर्व छात्रों को इस काउंटर पर आकर संपर्क करना होगा। इसके साथ ही ग्रुप फोटो के लिए अलग से स्पेस रहेगा, जिसमें डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र अपने फोटो करा सकेंगे।

### सुबह 10 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम, फर्स्ट लेडी भी पहुंचेंगी

कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने बताया कि दीक्षांत समारोह सुबह 10 बजे से शुरू कर दिया जाएगा। राज्यपाल डॉ असीम कुमार घोष के साथ उनकी धर्मपत्नी, फर्स्ट लेडी ऑफ हरियाणा मित्रा घोष समोराह में मौजूद रहेंगी। इसके साथ ही प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा भी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश की कई यूनिवर्सिटी के कुलगुरु भी हिस्सा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। समारोह में कुल 760 छात्रों को डिग्री दी जाएगी, जिसमें 114 पोस्ट ग्रेजुएशन व 646 अंडर ग्रेजुएशन के पूर्व छात्र शामिल होंगे। इसके साथ ही 35 मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किए जाएंगे। अलग-अलग बैच के मास्टर ऑफ प्लानिंग के 29, मास्टर ऑफ फैशन डिजाइन के 32, मास्टर ऑफ विजुअल के आर्ट्स के 39, मास्टर ऑफ आर्ट्स (मास कम्युनिकेशन - मीडिया प्रोडक्शन) के 14, बैचलर ऑफ आर्किटेक्ट के 133, बैचलर ऑफ डिजाइन के 210, बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स के 214 और बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (फिल्म, एक्टिंग, ऑडियोग्राफी, सिनेमेटोग्राफी, फिल्म डायरेक्टर व फिल्म एडिटिंग) के 89 छात्रों को डिग्री दी जाएगी।

## सांपला में युवा संत चिंतन वर्ग, युवाओं में जागा राष्ट्र निर्माण का संकल्प



रोहतक। कालिदास धाम, सांपला में विश्व हिंदू परिषद इंद्रप्रस्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित युवा संत चिंतन वर्ग का आयोजन उत्साह और प्रेरणा के वातावरण में संपन्न हुआ। श्री श्री 1008 परमहंस कालिदास महाराज के सान्निध्य में हुए इस कार्यक्रम में धर्म, संस्कृति, संगठन विस्तार और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर विचार मंथन किया गया। कार्यक्रम में बड़े दिनेश, अशोक तिवारी, हरिशंकर, रासबिहारी, तिलक राज, केशव भारद्वाज तथा अनुराग कुलश्रेष्ठ सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों को नवनिर्मित हॉस्पिटल का अवलोकन भी करवाया गया, जिसकी सभी ने सराहना की और इसे समाज सेवा की दिशा में सराहनीय पहल बताया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र निर्माण का आधार जागरूक, चरित्रवान और संगठित युवा शक्ति है। भारत की पहचान उसके संस्कारों, नैतिक मूल्यों और परंपराओं से रही है, जिन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। यदि युवा धर्म और संस्कृति से जुड़कर कार्य करेंगे तो समाज और राष्ट्र को नई दिशा मिलेगी। संतों ने युवाओं से सेवा, संगठन और संस्कार के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## म्हारी कनक जर्मनी में विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में साधेगी निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक।



जिले की होनहार शूटर बेटी कनक ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी चमक बिखेरी है। कनक का चयन विश्व शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो जून माह में जर्मनी में आयोजित की जाएगी। कनक के चयन की खबर मिलते ही पूरे परिवार और गांव सुनारिया में खुशी का माहौल है।

कनक जिले की अभिनंदन शूटिंग अकादमी में कोच संदीप नेहरा के मार्गदर्शन में कड़ा अभ्यास कर रही हैं। कोच नेहरा ने कनक की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए बताया कि वह बेहद मेहनती खिलाड़ी हैं। उन्होंने बताया कि कनक पहले 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट खेलती थी, लेकिन अभी 25 मीटर पीस्टल इवेंट भी खेलना शुरू किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कनक ने शानदार प्रदर्शन करके अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।

उन्होंने बताया कि पिता की प्रेरणा से ही उन्होंने वर्ष 2021 में शूटिंग खेलना शुरू किया था। कनक पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ा चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पिता सुधीर सिंह ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी बेटी ने गांव के साथ-साथ पूरे प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। एक ओर जहां कनक की उपलब्धियां बढ़ती जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर उनके परिवार ने सरकार के प्रति थोड़ी निराशा भी व्यक्त की है। पिता सुधीर सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने के बावजूद कनक को अब तक सरकार की ओर से कोई विशेष प्रोत्साहन नहीं मिला है।

### जानिए... क्या हैं कनक की उपलब्धियां

वर्ष 2024 में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप ने रजत पदक, 2025 में 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल प्रतियोगिता में मिक्स टीम में स्वर्ण पदक, 2025 में इसी प्रतियोगिता में टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता। वर्ष 2024 में नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक, 2022 नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक, 2023 जूनियर वर्ल्ड कप में रजत व कांस्य पदक जीता। 2022 स्टेट प्रतियोगिता में दो स्वर्ण व एक रजत पदक जीता। 2023 स्टेट प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीते। 2023 में एशियन चैंपियनशिप में एक रजत व एक कांस्य पदक जीता। 2025 में जूनियर वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीता। 2025 में एशियन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते। 2025 में खेलों इंडिया यूथ गेम्स में कांस्य, नेशनल में रजत और नेशनल स्कूल गेम्स में दो स्वर्ण पदक जीते।

## दयानन्द मठ के मासिक सत्संग में दिया वैदिक जीवनशैली अपनाने का संदेश



रोहतक। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में दयानन्द मठ में रविवार को प्रतिमास के प्रथम सप्ताह आयोजित होने वाले मासिक वैदिक सत्संग का शुभारंभ सुबह 9 बजे यज्ञ के साथ हुआ। यज्ञ का संचालन सोमदेव वर्णी ने किया तथा अध्यक्षता सभा के वेद प्रचाराधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानन्द ने की। इसके बाद सोमदेव वर्णी, सुरेन्द्र कुमार 'सरस' एवं सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक जयपाल आर्य (कुरुक्षेत्र) ने भजनों एवं प्रवचनों के माध्यम से देशभक्ति, समाज सुधार और महर्षि दयानन्द के उपकारों पर प्रकाश डाला। मंच संचालन करते हुए प्रधान वेदप्रचार मंडल सुभाष सांगवान ने कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने बच्चों को भी सत्संग से जोड़ना चाहिए। उन्होंने वेद प्रचार अभियान को और गति देने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता डॉ. कमलाकान्त बहुगुणा ने सरल शब्दों में उत्तम जीवन के उद्देश्य पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज मानव निर्माण सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए महर्षि दयानन्द द्वारा बताए पांच यज्ञों का पालन जरूरी है। उन्होंने वैदिक धर्म, शुद्ध आचार-विचार, खान-पान, गुरुकुल शिक्षा पद्धति तथा स्वाध्याय के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

## रोहतक के छोरे निशांत सिंधु ने आईपीएल में डेब्यू मैच की दूसरी ही गेंद पर कैच पकड़ा और 15 रन भी बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




हरियाणा के रोहतक जिले के युवा ऑलराउंडर निशांत सिंधु ने रविवार को दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल में अपना सफल पदार्पण (डेब्यू ) किया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में निशांत को गुजरात की प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। निशांत सिंधु ने अपने पहले ही मैच में जबरदस्त उपस्थिति दर्ज कराई। मैच की दूसरी ही गेंद पर उन्होंने चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए एक शानदार कैच पकड़ा, जिसने न केवल दर्शकों को रोमांचित किया बल्कि मैच की शुरुआत में ही पंजाब किंग्स को बैकफुट पर धकेल दिया। इस कैच ने साबित कर दिया कि वह केवल बल्ले और गेंद से ही नहीं, बल्कि मैदान पर फील्डिंग से भी मैच का रुख पलटने का दम रखते हैं। वही बल्लेबाज़ी में 11 गेंदों में पंद्रह रन बनाए जिसमें एक छक्का शामिल रहा। इस मैच में गुजरात ने पंजाब को चार विकेट से हराया।

विस्फोटक बल्लेबाज और फिरकी गेंदबाज निशांत सिंधु को गुजरात टाइटंस ने 30 लाख रुपये की राशि में अपनी टीम में शामिल किया था। 2022 के अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में अर्धशतक जमाकर भारत को चैंपियन बनाने वाले निशांत का घरेलू सत्र शानदार रहा है। साल 2025 की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने बल्ले से आग उगलते हुए 763 रन बनाए और गेंद से 21 विकेट चटकाकर खुद को सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के रूप में स्थापित किया।

## आंबेडकर भवन में एसोसिएशन के आय-व्यय की रिपोर्ट पारित, सुरक्षा को लेकर भी लिए अहम निर्णय



रोहतक। नेहरू कॉलोनी स्थित आंबेडकर भवन में हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अनिल मेहरा ने की। उन्होंने कहा कि यह बैठक सामाजिक उत्थान, पारदर्शिता और सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बैठक का मुख्य उद्देश्य डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना था। प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुशील कुमार ने विस्तार से वित्तीय रिपोर्ट पेश की, जिसे सदस्यों ने जांच के बाद सर्वसम्मति से पारित कर दिया। इसके अलावा भवन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। सदस्यों ने बताया कि वर्ष 2018 में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे अब पुराने और खराब हो चुके हैं, जिससे चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। इस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भवन में जल्द ही आधुनिक तकनीक से लैस नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

## गुरुद्वारा टिकाना साहिब में कीर्तन समागम सतनाम वाहेगुरु के जयकारों से गूंजा हॉल



रोहतक। गुरुद्वारा टिकाना साहिब में सचखंडवासी महंत बाबा साहिब दयाल महाराज (शाह जीवना वाले) की 104वीं पावन बरसी पर तीन दिवसीय समागम का समापन रविवार को भव्य कीर्तन दरबार के साथ हुआ। दो दिनों से चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब का समापन सुबह 11 बजे हुआ, जिसके बाद कीर्तन समागम आयोजित किया गया। कीर्तन दरबार में पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनियों भाई देवेंद्र सिंह सोढी, भाई गुरनाम सिंह (रामां मंडी, पंजाब) और भाई तरनवीर सिंह (लुधियाना) ने गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। सतनाम-वाहेगुरु के जयकारों से पूरा दीवान हॉल गूंज उठा। गद्दीनशीन दिलबाग सिंह सेवापंथी ने महंत बाबा दयालके जीवन पर प्रकाश डालते हुए संगत को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए संत-महापुरुषों और हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेककर आशीर्वाद लिया। समापन पर अरदास के बाद गुरु का लंगर वितरित किया गया। इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह कोचर, मनोहर कोचर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

खेल

### दिल्ली में हुए एशियन महिला कुश्ती के ट्रायल

## अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप ट्रायल्स के 10 में से 7 भार वर्गों में हरियाणा की महिला पहलवानों का दबदबा

- महाराष्ट्र की पहलवानों ने भी अपनी चुनौती पेश करते हुए 3 प्रमुख भार वर्गों में दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप के लिए महिला कुश्ती के ट्रायल रविवार को आयोजित किए गए। यह ट्रायल दिल्ली में आयोजित किए गए। इसमें हरियाणा की बेटियों ने एक बार फिर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। कुल 10 भार वर्गों में से 7 में हरियाणा की महिला पहलवानों ने जीत दर्ज कर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की है। हरियाणा की पहलवानों ने विभिन्न श्रेणियों में अपना वर्चस्व कायम रखा। 50 किलो भार वर्ग में स्वीटी ने जीत हासिल की, जबकि 53 किलो में मुस्कान विजेता रहीं। 57 किलो में तपस्या, 59 किलो में नेहा, 65 किलो में पुलकित, 68 किलो में मानसी लाठर और 76 किलो के भारी वजन वर्ग में काजल ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पटखनी देते हुए पहला स्थान प्राप्त किया।

महाराष्ट्र की पहलवानों ने भी अपनी चुनौती पेश करते हुए 3 प्रमुख भार वर्गों में जीत दर्ज की। 55 किलो भार वर्ग में अहिल्या शिंदे, 62 किलो में भाग्यश्री और 72 किलो में अमृता ने शानदार खेल दिखाया और अपनी जगह पक्की की। भाग्यश्री रोहतक के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है। हरियाणा कुश्ती संघ अध्यक्ष रमेश बोहर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कोच मनदीप ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## हिंदी-अंग्रेजी सुलेख में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, भाषा के प्रति रुचि बढ़ाना रहा उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संचालित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड पर हिंदी एवं अंग्रेज़ी सुलेख प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुंदर लेखन कला को विकसित करना, भाषा के प्रति रुचि बढ़ाना तथा अनुशासन और एकाग्रता को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी उत्कृष्ट लेखन शैली का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन स्वच्छता, स्पष्टता और संतुलन के आधार पर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि सुंदर लेखन व्यक्तित्व का आईना होता है और नियमित अभ्यास से इसमें निपुणता हासिल की जा सकती है। हिंदी विभाग की प्रमुख अंजू सुखीजा ने इसे भाषा और संस्कृति से जुड़ी कला बताते हुए विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया। वहीं अंग्रेज़ी विभाग के प्रमुख शैलेंद्र शर्मा ने साफ-सुथरी और संतुलित लिखावट को प्रभावी अभिव्यक्ति का आधार बताया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और ऐसी गतिविधियों को सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर गोशाला में होगा हवन

रोहतक। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर 4 मई को स्थानीय गोशाला में विशेष हवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी एवं हरियाणा कला परिषद के निदेशक गजेंद्र फौगाट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए आयोजिका पुष्पा राणा ने बताया कि इस अवसर पर हवन के उपरांत गोभक्तों के साथ गोआरती, गो सेवा तथा पौधरोपण जैसे सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य भी किए जाएंगे। इस मौके पर मनोहर पेड़ अभियान की भी शुरुआत की जाएगी, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक पौधारोपण को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के सहसंयोजक जे पी गौड़ ने अपील करते हुए आयोजकों ने क्षेत्र के सभी गोभक्तों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद
पुलिस ने अज्ञात पर किया केस दर्ज

# सैमाण में सुनार की दुकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

घर से चोरी हुआ गैस सिलेंडर, गांव के तालाब पर मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम थाना क्षेत्र के गांव सैमाण में सुनार की दुकान से लाखों रुपए के सोना चांदी के गहने और हजारों रुपए की नकदी चोरी का मामला सामने आया है।

इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने महम थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में सैमाण गांव निवासी प्रदीप पुत्र श्री निवास ने बताया कि वह सैमाण गांव में सुनार का काम करता है। गांव के श्री सतगुरु मंदिर के पास उसकी खुद की दुकान है। वह और उसका परिवार एक मई को दिल्ली में उनकी रिश्तेदारी में आयोजित पिलिया के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गए थे। जब वह दो मई को वापस घर लौट रहा था तो उसके पड़ोसी जयभगवान पुत्र दिलबाग ने उसको फोन पर सूचना दी कि उसकी दुकान व मकान का ताला टूटा हुआ है। जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसे वहां पर 1 टैब वन प्लस कंपनी, 2 पीठू बैग जिनमें बच्चों कि किताब व आईडी आदि थे, वे वहां पर नहीं मिले। उसके बाद देखा तो डेढ़ किलोग्राम चांदी गायब मिली।

### ये आभूषण ले उड़े चोर

चोरी हुए गहनों में 10 जोड़ी पाजेब लगभग वजन 90 ग्राम, 50 अगूंठी चांदी की लगभग वजन 200 ग्राम, कड़ूली व चूटकी लगभग वजन 200 ग्राम, पूजा का सामान लगभग वजन 100 ग्राम व चांद, सूरज, घुंघरु लगभग वजन 10 ग्राम, व दो कड़े वजन 50 ग्राम शामिल हैं। इसके अलावा पुरानी चांदी लगभग 535 ग्राम भी नहीं मिली। सोने का सामान जिसमें एक सोने की चेन, एक लोकेट, अगूंठी वजन लगभग 30 ग्राम, छोटे वाले कोके, तिल्ली लगभग वजन 15 ग्राम व पक्का सोना 10 ग्राम गायब मिले। घर से भी सामान चोरी हुआ है, जिसमें 3 जोडी पाजेब, चुटकी, 10 सिक्के चांदी के शामिल हैं। चोर दुकान से 25 हजार रुपए और मकान से 10 हजार रुपए भी चोरी कर ले गए। चोर घर से एक गैस सिलेंडर भी चोरी कर ले गए थे। लेकिन वह गैस सिलेंडर सुबह गांव के तालाब पर पड़ा मिला है। दुकानदार प्रदीप ने बताया कि मेरे घर मे व दुकान में किसी अज्ञात चोर ने रात के समय ताला तोडकर चोरी कर ली है। उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## न्यूज डायरी

### शिविर में 62 युवाओं ने किया रक्तदान



**रोहतक।** जींद रोड स्थित एक सर्विस स्टेशन पर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। स्टेशन के संचालक आशु भोरिया ने कहा कि रक्त की एक यूनिट किसी जरूरतमंद की जान बचा सकती है, इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे आशीष संधू ने भी रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे सबसे बड़ा दान बताया। आदर्श भोरिया ने 15वीं बार, आशु भोरिया ने 25वीं बार, विक्रांत ने 15वीं बार, निसार खान ने 18वीं बार और नवीन बमानिया ने 23वीं बार रक्तदान किया। इसके अलावा जितेंद्र और नरेंद्र सैनी ने 10-10 बार, जबकि विकी घरौठी और सोनू डाबला ने 8-8 बार रक्तदान कर समाज सेवा में योगदान दिया।

### एनडीए परीक्षाः नेहा ने हासिल की 14वीं रैंक



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट नेहा सिवाच ने एनडीए 2025 फाइनल परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 14 हासिल कर बड़ा मुकाम प्राप्त किया है। एमडीयू की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. आरती ने बताया कि नेहा सिवाच ने सर्वोदया स्कूल ऑफ साइंस, इमलोटा से स्कूली शिक्षा प्राप्त की और वर्तमान में एमडीयू से बीएससी गणित (ऑनर्स) कर रही हैं। वह सेकेंड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी की सक्रिय और अनुशासित कैडेट हैं। उन्होंने नेहा ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से यह सफलता हासिल की है। एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने नेहा सिवाच को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि नेहा की सफलता युवा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि दृढ़ निश्चय, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

थमी रफ्तार
जाम का जंजाल

राजीव गांधी खेल परिसर, बस स्टैंड, होटल और स्कूल का दबाव

# अव्यवस्था का अड्डा बना बस स्टैंड, रोज जूझ रहे लोग

- स्कूली बच्चे, कर्मचारी और आम नागरिक सबसे ज्यादा परेशान

- 200 मीटर के सफर में रोजाना लग रहे 30 मिनट, आमजन की परीक्षा
- व्यस्त समय में भी ट्रैफिक पुलिस नदारद, लोग खुद ही बनाते हैं रास्ता

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के बस स्टैंड के आसपास का इलाका इन दिनों जाम की गिरफ्त में है। हालात ऐसे हैं कि महज 200 मीटर का सफर तय करने में लोगों को 30 मिनट तक का समय लग रहा है। रोजाना यहां से गुजरने वाले राहगीर, स्कूली बच्चे और वाहन चालक इस अव्यवस्था से परेशान हैं, लेकिन समाधान कहीं नजर नहीं आता। बस स्टैंड के पास की यह सड़क चारों ओर से दबाव झेल रही है, एक तरफ राजीव गांधी खेल परिसर, दूसरी ओर बस स्टैंड, पास में होटल और साथ ही एक स्कूल। इन सभी स्थानों से एक ही समय पर निकलने वाली भीड़ और वाहनों का दबाव इस मार्ग को पूरी तरह जाम कर देता है।

निजी बसें और अन्य वाहन चालक नियमों को ताक पर रखकर बीच सड़क में ही रोक लेते हैं गाड़ियां

## पार्किंग अव्यवस्था ने बिगाड़े हालात, लोगों को करनी पड़ रही मशक्कत





### अवैध तरीके से सवारी भरने का खेल

जाम की सबसे बड़ी वजह सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर सवारी भरना बन गया है। निजी बसें और अन्य वाहन चालक नियमों को ताक पर रखकर बीच सड़क में ही गाड़ियां रोक लेते हैं और यात्रियों को चढ़ाने-उतारने लगते हैं। इस दौरान पीछे से आने वाले वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। कुछ ही मिनटों में यह स्थिति बड़े जाम में बदल जाती है।

### जानिये क्यों लगता है जाम

- राजीव गांधी खेल परिसर, बस स्टैंड, होटल और स्कूल का दबाव
- ऑटो चलकों के बीच सड़क सवारी भरने से बढ़ती है परेशानी, लग जाता है जाम
- नियमों की खुली अनदेखी अवैध पार्किंग और अतिक्रमण ने सड़क की संकरी



### रोड पर पार्किंग, बढ़ती परेशानी

*स्थिति को और खराब बना रही है सड़क किनारे की अवैध पार्किंग। लोग बिना सोचे-समझे अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और दो वाहनों का आमने-सामने निकलना भी मुश्किल हो जाता है। नतीजतन, जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है।*



### गायब हुई सफेद पट्टी, नहीं दिखती लेन

*इस मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए बनाई गई सफेद पट्टी (लेन मार्किंग) भी अब गायब हो चुकी है। लेन की स्पष्ट पहचान न होने के कारण वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी वाहन चलाते हैं, जिससे अव्यवस्था और बढ़ जाती है। वाहन चालक यातायात नियमों की खुल्लेआम धज्जियां उड़ाते हैं*



### अतिक्रमण ने घेरा सड़क का हिस्सा

*सड़क के किनारों पर अतिक्रमण भी एक बड़ी समस्या बन चुका है। दुकानदारों और अन्य लोगों ने सड़क के हिस्से पर कब्जा कर रखा है, जिससे आवागमन के लिए उपलब्ध जगह और कम हो गई है।ऐसे में सड़क पहले से ही संकरी हो जाती है और जाम लगना तय हो जाता है। इसे परेशानी और बढ़ जाती है।*

### ऐसे हो सकता है समाधान

- सड़क पर अवैध रूप से सवारी भरने वालों पर सख्त कार्रवाई
- सड़क किनारे पार्किंग पर प्रतिबंध व वैकल्पिक व्यवस्था
- लेन मार्किंग (सफेद पट्टी) को दोबारा स्पष्ट करना
- अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना जरूरी
- व्यस्त समय में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए

### सवाल : ट्रैफिक पुलिस नदारद कौन संभाले व्यवस्था?

सबसे हैरानी की बात यह है कि इतने व्यस्त और संवेदनशील इलाके में ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए कोई पुलिस कर्मचारी तैनात नहीं है। जब जाम चरम पर होता है, तब भी मौके पर कोई जिम्मेदार नजर नहीं आता। ऐसे में लोग खुद ही किसी तरह रास्ता बनाने की कोशिश करते हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है।

### स्कूली बच्चों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ीं छुट्टी के समय पर सड़क पार करना कठिन

इस अव्यवस्था का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों और पैदल चलने वाले लोगों पर पड़ रहा है। स्कूल के समय पर बच्चों को सड़क पार करना बेहद जोखिम भरा हो जाता है। तेज रफ्तार और अव्यवस्थित ट्रैफिक के बीच वे खुद को बचाते हुए निकलने को मजबूर हैं।



## डॉ. अर्चना को महकलमवीर सम्मान से किया सम्मानित

- 5100 रुपये नकद, शॉल, पटका और प्रशस्ति पत्र भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अर्चना कोचर को कोसली की प्रेरणा सामाजिक संस्था द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तुम्बाहेड़ी में आयोजित समारोह में 'महकलमवीर सम्मान' से सम्मानित किया गया। संतरा देवी की स्मृति में दिए गए इस सम्मान के तहत उन्हें 5100 रुपये नकद, शॉल, पटका और प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। यह सम्मान डॉ. महावीर सिंह 'निर्दोष' द्वारा अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में वर्ष 2010 से साहित्य एवं पर्यावरण क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को प्रदान किया जाता है। डॉ. अर्चना कोचर को यह सम्मान उनके साहित्य सृजन और सामाजिक सरोकारों से जुड़े लेखन के लिए दिया गया। समारोह में 'मामन सिंह स्मृति सम्मान' पर्यावरण मित्र जोरावर सिंह ढ़ाकला को भी प्रदान किया गया। कक्षा 9वीं से 12वीं के जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन कोसली के प्रधान जय किशन ढिल्लों ने की, जबकि मंच संचालन सत्यवान 'सत्य' ने किया।

## एनसीसी कैंप में युवाओं को दिया अनुशासन व राष्ट्रसेवा का संदेश

**रोहतक।** आईएमटी स्थित एसआरएस पब्लिक स्कूल में चल रहे एनसीसी कैंप के तीसरे दिन रविवार को कैप्टन जगबीर मलिक और डॉ. रविंद्र नांदल ने मुख्य वक्ता के रूप में कैडेट्स को संबोधित किया। कार्यक्रम में 2 गर्ल्स एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल अमित मैथ्यू सहित अन्य अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। पहले सत्र में डॉ. नांदल ने जल संरक्षण और जल प्रदूषण पर विस्तार से जानकारी देते हुए एपीजे अब्दुल कलाम के विजन 2070 का उल्लेख किया। उन्होंने चेताया कि यदि आज जल नहीं बचाया गया तो भविष्य में गंभीर संकट पैदा होगा।

पहले सत्र में डॉ. नांदल ने जल संरक्षण और जल प्रदूषण के बारे में जानकारी दी

### कैडेट भूमिका, वंदना व कीर्ति सम्मानित

दूसरे सत्र में कैप्टन मलिक ने युवाओं को अनुशासन, चरित्र निर्माण, देशभक्ति और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कैडेट्स को सेना में विभिन्न कमिशनों के माध्यम से अधिकारी बनने की प्रक्रिया भी समझाई और संबंधित पंपलेट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कैडेट भूमिका, वंदना और कीर्ति को सम्मानित किया गया। अंत में अधिकारियों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## फार्मा 5.0 से स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव आएगाः प्रो. अनुराग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के प्रोफेसर डॉ अनुराग खटकड़ ने गीता यूनिवर्सिटी, पानीपत में आयोजित न्यू फ्रंटियर्स ऑफ फार्मास्युटिकल रिसर्च–2026 विषयक तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की।

इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में मुख्य वक्ता प्रो. अनुराग खटकड़ ने कहा कि फार्मा 5.0 के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और प्रिसिजन मेडिसिन स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य तय करेंगे। उन्होंने बताया कि एआई के उपयोग से दवा खोज (ड्रग डिस्कवरी) तेज, सटीक और किफायती हो रही है। वहीं प्रिसिजन मेडिसिन के जरिए मरीज की जेनेटिक प्रोफाइल के अनुसार इलाज संभव होगा, जिससे सफलता दर बढ़ेगी और साइड इफेक्ट कम होंगे।

प्रो. खटकड़ ने सस्टेनेबल थेरेप्यूटिक्स पर जोर देते हुए कहा कि फार्मा सेक्टर को पर्यावरण-अनुकूल और सुरक्षित चिकित्सा पद्धतियों को अपनाना होगा। उन्होंने शिक्षा और उद्योग के बेहतर तालमेल की भी जरूरत बताई। इस दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने भाग लिया और दवाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सशक्तिकरण पर चर्चा की गई।

26 दिन से हड़ताल पर दमकल केंद्र के कर्मचारी

# लंबित मांगें नहीं मान रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



महम में दमकल केंद्र कर्मचारियों की हड़ताल 26वें दिन भी जारी रही। दमकल कर्मियों ने दिनभर काम छोड़कर धरना दिया। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। कर्मचारियों ने सरकार से जल्द से जल्द उनकी लंबित मांगों को पूरा करने की अपील की। धरने की अध्यक्षता सोमबीर ने की। मंच संचालन सत्यवान नेहरा ने किया। हड़ताल को समर्थन देते हुए सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान राजेंद्र सिंह डाबला ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें जायज हैं और उन्हें जल्द पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर संदीप, प्रदीप, नीरज, जितेंद्र, शीलू, सुनील, सतीश, नरेश, मंजीत, प्रदीप, जगदीश, बलवान और शमशेर सिवाच समेत विभिन्न विभागों के कई कर्मचारी मौजूद थे।

### मांगों को लेकर दूसरे दिन हड़ताल पर नगर पालिका कर्मचारी



**महम।** नगरपालिका महम के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल की। हड़ताल के दूसरे दिन कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। नगर पालिका कर्मियों ने नगर पालिका कार्यालय के गेट पर धरना दिया। हड़ताल का नेतृत्व प्रधान संजय कागड़ा ने किया। कर्मचारियों ने सरकार से उनकी मांगें पूरी करने की अपील की। कहा कि दमकल केंद्र के कर्मचारी 26 दिन से हड़ताल पर हैं। फरीदाबाद में आग बुझाते समय मौत की भेंट चढ़े फायर कर्मियों के परिवारों में से एक एक परिजन को सरकारी नौकरी दी जाए और मृतकों को शहीद का दर्जा देकर उनको पर्याप्त मुआवजा दिया जाए। लेकिन सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही। इसलिए महम नगर पालिका के कर्मचारी भी फायर कर्मियों के संग हड़ताल कर रहे हैं। इस मौके पर राय सिंह नहरा, प्रदीप, राजेंद्र सिंह, बबीता, सन्नी, वीरभान, सरोज, भतेरी, उषा, राकेश चावरिया, शंभू टांक, राजपाल व राकेश चावरिया समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।

## दमकल और नपा कर्मचारियों का राज्य सरकार पर सौतेले व्यवहार का आरोप

**रोहतक।** दमकल कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों को लेकर अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन और नगर पालिका कर्मचारी संघ की संयुक्त हड़ताल 26वें दिन भी जारी रही। कर्मचारियों ने राज्य सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। रोहतक फायर स्टेशन पर कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र व हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिला प्रधान सोनू हुड्डा और उपप्रधान अरुण ढुल ने सतीश व मंदीप को क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठाया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद रणवीर सिंह व भवीचंद शर्मा को शहीद का दर्जा, आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये सहायता व सरकारी नौकरी, 5000 रुपये जोखिम भत्ता, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना तथा समान काम-समान वेतन लागू करना शामिल है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 5 मई तक मांगें नहीं मानी गईं तो हड़ताल अनिश्चितकालीन की जा सकती है। धरने को सर्व कर्मचारी संघ और नगर पालिका कर्मचारी संघ ने भी समर्थन दिया।

फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद रणवीर सिंह व भवीचंद शर्मा को शहीद का दर्जा देने की मांग उठाई

